भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 944

05 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सुविधाएं

944. श्रीमती संजना जाटवः:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के भरतपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के परिवारों को आयुष स्वास्थ्य केंद्रों, आयुर्वेदिक औषधालयों और योग सुविधाओं की कमी होने से सुलभ पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त जिले में स्थापित नए आयुष केंद्रों, नियुक्त चिकित्सकों और आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, राजस्थान का भरतपुर जिला, आयुष स्वास्थ्य सुविधाओं के नेटवर्क से अच्छी तरह से सुसज्जित है, जिसमें 90 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)[एएएम (आयुष)] केंद्र, 86 आयुष औषधालय और 11 आयुष अस्पताल शामिल हैं। ये सुविधाएं बिना किसी जातिगत भेदभाव के लाभार्थियों को मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जिससे मुफ्त दवा-वितरण सहित सभी नागरिकों के लिए आयुष सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, एएएम (आयुष) में नियमित रूप से मुफ्त योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

(ग) और (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, नए आयुष केंद्रों की स्थापना और डॉक्टरों की नियुक्ति करना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, भरतपुर जिले में एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की दो नई इकाइयां, एक 10-बिस्तरों वाली और एक अन्य 50-बिस्तरों वाली इकाइयों को अनुमोदित किया गया है और इन इकाइयों को क्रमशः 45.00 लाख और 500.00 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है वर्तमान में ये अस्पताल निर्माणाधीन हैं।

*****